A MAHARATNA COMPANY

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 30 सितंबर 2025

अंक : 512


## वेकोलि की प्रमुख पहल 'तेजस' का शुभारंभ



23 सितम्बर 2025 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने 'तेजस – Transforming Emerging Juniors into Aspiring Stars (TEJAS)' नामक अभिनव मानव संसाधन पहल का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य भारत के ऊर्जा क्षेत्र के भावी नेतृत्व का निर्माण करना है। वेकोलि, कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) की पहली अनुषंगी कंपनी है जिसने यह महत्वपूर्ण पहल की है।

'तेजस' का उद्घाटन वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन / परियोजना एवं योजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) डॉ. हेमंत शरद पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय माधुकर म्हेत्रे सहित स्टीयरिंग समिति के सदस्य श्री आशीष मूर्ति एवं श्री एस. आर. गबाले की विशेष उपस्थिति रही।

'तेजस' पहल के अंतर्गत वेकोलि के 657 जेन-ज़ी अधिकारियों को उनकी क्षमता विस्तार के उद्देश्य से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कोयला क्षेत्र को नेतृत्व प्रदान कर सके। यह प्रशिक्षण उनकी डिजिटल-फर्स्ट सोच और सृजनात्मक ऊर्जा को दिशा देगा। 12 दिनों में 84 घंटे के गहन अध्ययन को 10 बैचों में संचालित किया जाएगा, जिसमें क्षमता निर्माण तथा प्रतिभा संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

'तेजस' की विशेषता इसका संतुलित अकादमिक मॉडल है, जिसमें 75% सत्र वेकोलि के अधिकारियों द्वारा और 25% सत्र बाहरी विशेषज्ञों द्वारा लिए जाएंगे। इसमें कोयला क्षेत्र से जुड़े सभी व्यावहारिक पहलुओं, नियम-कानून से लेकर भावी चुनौतियों तक, को शामिल किया गया है, जिससे प्रतिभागी समग्र नेतृत्व की ओर विकसित हो सकें।




'तेजस' के केंद्र में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे का दूरदर्शी नेतृत्व है। उनका मिशन युवाओं पर आधारित ऐसी कार्य-संस्कृति का निर्माण करना है, जो न केवल वेकोलि की संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ बनाए, बल्कि पूरे कोयला उद्योग में नेतृत्व की परिभाषा को नया आयाम दे सके।

यह कार्यक्रम वेकोलि के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा, महाप्रबंधक (खनन/एचआरडी) श्री यू. सी. गुप्ता एवं उनकी टीम के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## वेकोलि मुख्यालय में अमृत फार्मेसी का शुभारंभ



कर्मियों के लिए चिकित्सा सेवाओं को और सशक्त बनाने हेतु वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने हाल ही में स्वास्थ्य तथा डिस्पेंसरी मैनेजमेंट सिस्टम (डीएमएस) नामक, दो महत्वपूर्ण पहलें शुरू की है। डिस्पेंसरी मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत दिनांक 23.09.2025 को वेकोलि मुख्यालय में अमृत फार्मेसी की स्थापना की गई है, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को समय पर रियायती दरों पर दवाएँ और स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

वेकोलि मुख्यालय में इस अमृत फार्मेसी का भव्य उद्घाटन अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन/परि. एवं यो.) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हेत्रे सहित संचालन समिति सदस्य श्री आशीष मूर्ति, श्री एस. आर. गबाले, कल्याण मंडल के प्रतिनिधि डॉ वाय. वी. रमना एवं श्री ऐ. पी. सिंह तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि निकट भविष्य में पाथाखेड़ा तथा चंद्रपुर क्षेत्रों में भी अमृत फार्मेसी प्रारंभ की जाएगी। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार की यह अनूठी पहल – Affordable Medicines and Reliable Implants for Treatment (AMRIT) – जीवन रक्षक ब्रांडेड दवाएँ, जेनेरिक दवाएँ एवं सर्जिकल उपकरण अत्यंत किफायती दरों पर उपलब्ध कराती है, जिसका संचालन एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड (HLL Lifecare Limited) द्वारा किया जाता है। वेकोलि की यह पहल न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य को संबल देगी बल्कि चिकित्सा सेवाओं में गुणवत्ता और सुलभता का नया आयाम भी जोड़ेगी।

## श्रृष्टि शर्मा ने बनाया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 10 वाँ कीर्तिमान




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की प्रतिभाशाली लिंबो स्केटर सुश्री श्रृष्टि शर्मा ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने हाल ही में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का 10वाँ रिकॉर्ड बना कर न केवल नागपुर शहर बल्कि वेकोलि परिवार का नाम भी विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर सुश्री श्रृष्टि ने वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे से भेंट की और उनके हाथों अपना प्रमाणपत्र प्राप्त किया। डॉ. पांडे ने इस अद्वितीय सफलता पर श्रृष्टि को हार्दिक बधाई देते हुए उनके अथक परिश्रम और निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रृष्टि की उपलब्धियाँ आने वाले समय में भी प्रेरणादायी रहेंगी और निश्चित रूप से वेकोलि परिवार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करती रहेंगी।

सुश्री श्रृष्टि शर्मा, वेकोलि उमरेड क्षेत्र में पदस्थ एक चालक की पुत्री हैं। साधारण परिवार से निकलकर असाधारण कीर्तिमान रचने वाली श्रृष्टि आज दृढ़ संकल्प, प्रतिभा और जुनून का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी हैं। उनकी उपलब्धियाँ वेकोलि परिवार के सभी बच्चों के लिए यह संदेश देती हैं कि समर्पण और मेहनत से हर असंभव लक्ष्य भी संभव हो सकता है।

वेकोलि प्रबंधन सदैव अपने कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की विशेष प्रतिभाओं को सम्मानित और प्रोत्साहित करता रहा है, जिससे संगठन की समग्र प्रगति और प्रेरणा की संस्कृति सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर महाप्रबंधक (खनन / जनसंपर्क) श्री सतीश गबाले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## वेकोलि की राजुर पिट्स भूमिगत खदान फिर होगी शुरू




वणी नार्थ क्षेत्र की राजुर पिट्स भूमिगत खदान में खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु दिनांक 29.09.2025 को वेकोलि एवं त्रिवेणी राजुर कोल माइंस प्रा. लिमिटेड के मध्य एग्रीमेंट एक्सचेंज किया गया। इस एग्रीमेंट के अंतर्गत वेकोलि की बंद पड़ी राजुर पिट्स भूमिगत खदान में अब त्रिवेणी राजुर कोल माइंस प्रा. लिमिटेड द्वारा कोयला खनन किया जाएगा।

वेकोलि मुख्यालय में, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित विशेष कार्यक्रम में, निदेशक तकनीकी (संचालन /योजना एवं परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद तथा त्रिवेणी राजुर कोल माइंस प्रा. लिमिटेड के निदेशक (परियोजना) श्री कमल कान्त शुक्ला के बीच एग्रीमेंट एक्सचेंज किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत कार्य-प्रारंभ, पुनर्वास, विकास एवं संचालन का दायित्व त्रिवेणी राजुर कोल माइंस प्रा. लिमिटेड का होगा। यह एग्रीमेंट रिवेन्यू शेयरिंग के आधार पर, 25 वर्षों की अवधि के लिए किया गया है। इस अवधि में प्रस्तावित कुल कोयला उत्पादन 192 लाख टन है। राजुर पिट्स भूमिगत खदान से प्रति वर्ष औसतन 7.68 लाख टन कोयला उत्पादन अनुमानित है। राजुर पिट्स भूमिगत खदान वेकोलि की तीसरी खदान है जहाँ रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर खनन कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने आशा व्यक्त की कि राजुर पिट्स भूमिगत खदान जल्द ही राष्ट्र की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी।

इस कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, वणी नार्थ क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री एम संजीव रेड्डी, महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री जयंत एम. अलकरी, महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री ऐ. पी. सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

अवसर विशेष पर वेकोलि एवं त्रिवेणी राजुर कोल माइंस प्रा. लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

## वेकोलि में राजभाषा पखवाड़ा का समापन

14 सितम्बर 2025 से प्रारंभ राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का 29 सितम्बर, 2025 को समापन हुआ। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए "क" क्षेत्र में कन्हान और "ख" क्षेत्र में माजरी को राजभाषा शील्ड प्रदान की। समापन समारोह में पखवाड़े के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। साथ ही, 'तिमाही राजभाषा प्रगति प्रतिवेदन' पोर्टल का लोकार्पण अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से विभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों से तिमाही राजभाषा प्रतिवेदन समय पर हो सकेगा।




समापन समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी एक सरल भाषा है और हमें इस भाषा को पूर्णतः अपनाना चाहिए। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रसार के लिए अधिक प्रोत्साहन देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संवाद के भाव हिंदी भाषा में सरलता से व्यक्त हो सकते है। उन्होंने सभी से, दैनंदिन वार्तालाप के साथ ही कार्यालय के कामकाज में भी हिंदी भाषा का इस्तेमाल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन / परि. एवं योज.) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे।

निदेशक (मानव संसाधन) डॉ हेमंत शरद पांडे ने अपने संबोधन में सभी को कार्यालय का कामकाज सरल हिंदी में करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरल हिंदी के प्रयोग से राजभाषा का गौरव बढ़ेगा। उन्होंने हिंदी के प्रयोग के प्रति बेहतर जागरूकता और प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औ. सं.) एवं राजभाषा प्रमुख श्री पी. नरेन्द्र कुमार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने भाषण में बताया की पखवाड़े के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इनमें भाषण, स्व-रचित काव्य, स्लोगन, अंताक्षरी, प्रश्न मंच, क्विज आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। उन्होंने कंपनी में हिंदी के बढ़ते प्रचलन का जिक्र करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के उद्देश्य से किए गए विविध कार्यों के बारे में अवगत कराया।

कंपनी स्तरीय स्व-रचित काव्य स्पर्धा के प्रथम और द्वितीय विजेताओं क्रमशः श्री बालचंद फिकिरराम एवं श्री अमित खेरे, नागपुर क्षेत्र ने अपनी रचनाओं का पाठ किया, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्यालय तथा क्षेत्रों के कर्मी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा टेमुर्णीकर, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अतुल बनसोड ने किया।

## कर्त्तव्य दिवस पर वीमेन इन पब्लिक सेक्टर, वेकोलि ब्रांच द्वारा महिलाओं के लिए खेल दिवस आयोजित




दिनांक 17 सितम्बर 2025, कर्त्तव्य दिवस के अवसर पर वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (WIPS), वेकोलि ब्रांच द्वारा महिलाओं के लिए खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान खो-खो, 100 मीटर रनिंग रेस, 3-लेग रेस, रिले रेस, लेमन स्पून रेस, टग ऑफ़ वॉर आदि का आयोजन किया गया। खेलों का उद्घाटन झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी ने, महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती रीना पांडे एवं डॉ. सोनाली म्हेत्रे की विशेष उपस्थिति में किया। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। श्री द्विवेदी ने अपने संबोधन में खेल के महत्व पर बात करते हुए सभी महिलाओं को खेल को जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## कर्तव्य दिवस पर टीम वेकोलि के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक

वेकोलि मुख्यालय में कर्तव्य दिवस पर टीम वेकोलि के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सबका ध्यान आकर्षित किया। नाटक का मुख्य संदेश था – अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना।

कार्यक्रम में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी और निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे की विशेष उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में श्री द्विवेदी ने कहा कि हर कर्मचारी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए और इस भावना से वेकोलि तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए.उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन सभी को जिम्मेदारी और समर्पण की प्रेरणा देता है।



## उमरेर ब्लॉक के 25 गांवों में "Health for All" पहल के लिए एमओयू

दिनांक 17 सितंबर 2025 को, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के नेतृत्व में, सीएसआर विभाग ने नागपुर जिले के उमरेर ब्लॉक के 25 गांवों के लिए "Health for All: Strengthening Community Health Systems for NCD Prevention and Early Detection" पहल के अंतर्गत सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) हस्ताक्षरित किया।

समझौता ज्ञापन पर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जीएम (सीएसआर/कल्याण) श्री जी. सीतारमन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री सब्यसाची राउत्रे द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य एनसीडी (गैर-संचारी रोगों) के जोखिमों के संबंध में समुदाय में जागरूकता बढ़ाना तथा ज्ञान को सशक्त करना है, जिससे लोगों में एनसीडी की घटनाओं में कमी लाई जा सके और उनका प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही, परियोजना का उद्देश्य गांव के स्तर पर एनसीडी रोकथाम हेतु सामुदायिक सहभागिता की संरचनाओं को विकसित करना है। इस पहल से लगभग 5,000 व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।







वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।